प्रेषक,

कन्हैया जी,
सिविल जज (सी०डि०) / एफ०टी०सी०/
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
झाँसी।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
झाँसी।

विषय- **सेवा में नियुक्ति के समय, वित्तीय वर्ष 01.04.2017 से 31.03.2019, वित्तीय वर्ष 01.04.2019 से 31.03.2021 एवं वित्तीय वर्ष 01.04.2021 से 31.03.2023 में चल अचल सम्पत्ति एवं रक्त सम्बन्धी विवरण पत्र प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।**

माननीय महोदय,

उपरोक्त विषयंतर्गत सविनय निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय के प्रपत्र सं०-63/1998 दिनांकित-10.12.1998 एवं माननीय उच्च न्यायालय के पत्र सं०-14325/IV-h-16/Admin A-IV दिनांकित 03.12.2021 के अनुपालन मे अधोहस्ताक्षरी का न्यायिक सेवा में नियुक्ति की दिनांक-25.02.2017, वित्तीय वर्ष 01.04.2017 से 31.03.2019, वित्तीय वर्ष 01.04.2019 से 31.03.2021 एवं वित्तीय वर्ष 01.04.2021 से 31.03.2023 के सम्बन्ध में वांछित चल अचल सम्पत्ति एवं रक्त सम्बन्धी विवरण पत्र माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित कर रहा हूँ। माननीय महोदय से यह भी निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में वर्ष 2016-17 का चल अचल सम्पत्ति का विवरण पत्र द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश सहारनपुर के पत्रांक सं०-1521-I/2019 दिनांकित 01.07.2019 के माध्यम से प्रेषित किया गया था, जिस सम्बन्ध में माननीय ज्वाइण्ट रजिस्ट्रार, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की ओर से पत्र सं०-15716/N-4317/Admin (A-IV)/दिनांकित-01.11.2019 के माध्यम से संशोधित विवरण पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। माननीय महोदय उपरोक्त पत्र संख्या के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी अद्यतन अपने समस्त विवरण पत्र प्रेषित कर रहा है।

माननीय महोदय विवरण पत्र विलम्ब से प्रेषित किये जाने के लिये प्रार्थी क्षमा प्रार्थी है। माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि उक्त विवरण पत्र माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें। आपकी अति कृपा होगी।

"सादर"

भवदीय,

24/03/2022

दिनांक- 24.03.2022

(कन्हैया जी)
सिविल जज (सी०डि०), एफ०टी०सी०,
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
झाँसी।